हे शिव ! अनायास सीधे मार्ग करिकै धन, धान्य, भोजन, आच्छादन आदिक मिलते हैं ॥५१॥

शिवभक्तिःसतांतुष्टिर्देहपुष्टिनिराकुला ॥
येनमार्गेणभवतिसमार्गःसर्वसंमतः ॥५२॥

जिससे शिव महादेव में भक्ति, सज्जनों में तुष्टि और देह को पुष्टि जिस मार्ग से मिलै वही मार्ग सदैव पूज्य है।५२।

एवंविचारयन्सोथचंडिकांप्रापमंडपः ॥
तत्रपूजांभीमचंड्यांकृत्वाकाशिनिवासिभिः ॥५३॥

यह विचारकर मनमें काशीवासियों के साथ भीमचंडी में जाकर और देवी भगवती का पूजन करके ॥५३॥

ब्राह्मणैर्भोजितःसम्यगादृत्यशिवभक्तिकृत् ॥
उपविष्टास्ततोरात्रौदेव्याःपुरतआदरात् ॥५४॥

ब्राह्मणों करके भोजन किया और उस रात्रि में देवी के सामने आदर से बास करते भया ॥५४॥

क्षेत्रमाहात्म्यकथनंश्रवणंचक्रुरुत्सुकाः ॥
नतोविष्णुजनाःशैवाःकीर्त्तनंचक्रुरादृताः ॥५५॥

नित्यहीं क्षेत्र माहात्म्य कहना और श्रवण करता था। यात्री लोग भी शिव कीर्त्तन करते थे ॥५५॥

तन्मध्येमंडपःशौंडोनृत्यंगानंचकारह ॥

साधुवादेनमहतापुनस्वैःसाधुसत्कृतः ॥५६॥

यात्रियों के मध्य में मंडप नाचता गाता था माहात्मा लोग साधु २ कहते थे ॥५६॥

तस्यापिहिमनोब्रह्मन्छिवेमयिसमाहितम् ॥

अथतृतीयदिवसेगत्वामार्गएवसमंडपः ॥५७॥

उस मंडप का चित्त शिव महादेव में लग जाते भये; और तीसरे दिन भीमचंडी से यात्रा किया ॥५७॥

नृत्यन्गच्छतिगायन्सस्वयमेवशिवस्वयम् ॥

पदेपदेदक्षिणतःक्षेत्रस्यममसद्विजः ॥५८॥

ब्राह्मणों के साथ गान करते हुये क्षेत्र की प्रदक्षिणा करने लगा ५८

ब्रह्महत्यादिपापानांप्रायश्चितंभवेयथा ॥

महादेवमहादेववासुदेवशिवेतिच ॥५९॥

जिससे ब्रह्म हत्यादि पापों का प्रायश्चित्त होता है वही महादेव २ वासुदेव २ शिव २ ॥५९॥

स्मरन्नृत्यत्यभीक्ष्णंससर्वैरपिवहिःकृतः ॥

तृतीयेदिवसेगत्वातंदेहलिविनायकम् ॥६०॥

यह नाम स्मरण करते नाचते गाते तीसरे दिन देहली बिनायक में गया ॥६०॥

पूजयामासुरव्यग्राकाशीभक्तिविवृद्धये ॥

मंडपोलौल्यरहितःशिवनामपरायणः ॥६१॥

यात्री लोगों ने पूजन किया मंडप भी चंचलता से रहित

शिव नाम में परायण काशी भक्ति के वृद्धि के लिये पूजन किया ॥६१॥

वलादन्नमपित्यक्त्वाहरिकीर्त्तनतत्परः ॥
नाश्नातिनपिवत्यंभोनकस्यापिवशेस्थितः ॥६२॥

मंडप भी न अन्न भोजन करना न जलपान करना न किसी के बस में स्थित ॥६२॥

निर्द्वंद्वःसमदृक्शांतोवभूवागतसाध्वसः ॥
ब्राह्मणेनमयास्तेन्यंसुवर्णस्यकृतंरहः ॥६३॥

निद्वन्द, समदृक, शांत ब्राह्मणों के साथ रहते भया॥६३॥

वंचितश्चपितामान्योमातासाध्वीचवंचिता ॥
पापेनोपार्जित्तंवित्तंवेश्यावेश्मनितिष्ठति ॥६४॥

मंडप कहते भया कि मुझसे पिता ठग गये, और माता ठग गई मैंने पाप किये पापही वृत्ति से धन इकट्ठा किया और वेश्या गृह में रक्खा ॥६४॥

मनसाविप्रहननंगमनंभर्तुरेवच ॥
संपन्नंचसुरापानंसाक्षाद्वेश्यागृहेणाकिम् ॥६५॥

मन से विप्र का हतन परिपूर्ण मदिरापात्र का वेश्या गृह में पान ॥६५॥

आहारोमैथुनंनिद्रामिथ्यावादादयोपिहि ॥
जाताममवराकस्यकथंपापपरिक्षयः ॥६६॥

आहार मैथुन निद्रा मिथ्यावादा विवाद मुझ मूर्ख के

कैसे नाश होंगे ॥६६॥

अनुतापैःसुसंतप्तोमडपोमंडवर्जितः ॥
क्षेत्रप्रदक्षिणंकुर्वन्निःपापःसमपद्यत ॥६७॥

अनेक तापों से तापित मंडप काशी क्षेत्र की प्रदक्षिणा करने से निःपाप होजाते भया ॥६७॥

क्वचिद्रुदतिसंस्मृत्यसंस्मृत्यस्वाघसंचयम् ॥
क्वचिद्धसतिक्षेत्रस्यप्रदक्षिणकृदित्यहम् ॥६८॥

नित्य काशी क्षेत्र की प्रदक्षिणा करते मंडप अपने सब आचरण अस्मर्ण करके कभी हँसता था कभी रोता था ।६८

काशीकाशीतिकाशीतिशिवशंकरकेशव ॥
पाहिमांपतितंदीनंगुरुदेवापराधिनम् ॥६९॥

नित्यही यही वचन कहता था कि काशी, काशी, शिव, शंकर केशव, मुझ अपराधी दीन को पालन करो ॥६९॥

रामेश्वरंसमागम्यस्नात्वासंतर्प्यदेवताः ॥
रामेश्वरंसमभ्यर्च्यसोमनाथंतथार्च्यह ॥७०॥

रामेश्वर महादेव में जाकर पूजन किया और सोमनाथ महादेव का भी पूजन करके ॥७०॥

रामंराजीवपत्राक्षंसीतालक्ष्मणसंयुतम् ॥
नभुंक्तेनपिबत्यंभोनृत्यगीतादितत्परः ॥७१॥
प्रार्थ्यमानोपिगृण्हातिनकिंचिदपिखेदकृत् ॥
ततःप्रचलितासर्वेयात्रिणःशिवतत्पराः ॥७२॥

न भोजन न पान नृत्यगान में तत्पर किसी के कहने पर भी कोई चीज न गृहण करना मंडप इस प्रकार सर्व यात्रियों के साथ, कमलवत है नेत्र जिनके ऐसे रामचद्र, सीता लक्ष्मण से युक्त रामेश्वरजी के पूजन करके चलते भया ७१।७२

मंडपोपिस्मरन्काशींशिवंविष्णुंप्रतास्थिवान् ॥
वृषभध्वजमागत्यस्नात्वावैकापिलेह्रदे ॥७३॥

मंडप भी काशी विश्वनाथ श्रीविष्णुजी का स्मर्ण करते वृषभध्वज महादेव में जाकर कपिलधारा में स्नान किया ७३

देवंसंपूज्यविधिवत्स्थित्वातत्रचपूर्ववत् ॥
तत्रःप्रभातेवरुणासंगमेस्नानमप्यच ॥७४ ॥

देव वृषभध्वज का पूजन करके पूर्ववत् वास किया और प्रातःकाल ही वरुडासंगम स्नान करके ॥ ७४ ॥

गताःसर्वेविश्वनाथंद्रष्टुंश्रीपार्वतीपतिम् ॥
तत्रस्थित्वामहापूजांकृत्वासर्वेमहाजनाः ॥७५॥

सब यात्रियों के साथ विश्वनाथ पार्वतीपति के पास जाकर बडी भारी पूजा को किया ॥ ७५ ॥

अन्नानिवासोरत्नानिददुःशंकरतुष्टये ॥
मंडपोपितथाकृत्वामोक्षमंडपमध्यतः ॥ ७६ ॥

अन्न, वस्त्र, रत्न सब यात्रियों के साथ महादेवजी की तुष्टि के लिये मंडप भी देते भया ॥ ७६ ॥

साष्टांगप्रणतःप्राहतत्सदोमध्यगोऽघकृत् ॥

मयापापानिसर्वाणिसुमहांतिबहूनिच ॥ ७७ ॥

इस प्रकार पंचक्रोशात्मक शिव की प्रदक्षिणा करके सज्जनों की सभा में जाकर मँडप बोला मैंने अतिपाप किया ॥७७॥

कृतानितत्रवदतनिष्कृतिंममसत्तमाः ॥
यथाहंपापनिर्मुक्तोभवामीहतदुच्यताम् ॥ ७८ ॥

हे सज्जन ! उसकी निष्कृति कहिये जिससे मैं पाप से छूटूँ वही यत्न कहो ॥ ७८ ॥

सदस्या ऊचुः ॥ त्वंनिःपापासिभक्तोसिशिवयोःकेशवस्यच ॥ पंचक्रोशात्मकंलिंगंसत्संगाद्दक्षिणीकृतम् ७९

सभासद बोले, तुमने पंचक्रोषात्मक शिवलिंग की प्रदक्षिणा किया है और शिव विष्णु के तुम भक्तहो इससे अब तुम निष्पाप हुये ॥ ७९ ॥

मैत्रीवाणिज्यमूल्याद्यैःकिंपुनःश्रवणादिभिः ॥
येनकेनापिसुमहत्पापंतस्यनाविद्यते ॥ ८० ॥

मित्रता वाणिज्य श्रवण आदिसे जो पाप लगे हैं वह सब तुमारे छूट गये ॥ ८० ॥

मंडप उवाच ॥ पित्रानिष्कासितःसोहंकथंयास्यामितद्गृहम् ॥ प्रतीतिकरणंकिंवास्तिचेद्गमनेमम ॥ ८१॥

सभासद के इसप्रकार वचन सुनकर मंडप बोला, हे विप्र ! मुझको तो पिता ने घर से निकाल दिया मैं घर को किस प्रकार जाऊँ और पिता को प्रतीत किस यत्न से होगा॥८१॥

प्रेषयंतुतदासभ्याःशास्त्रप्रत्ययसंयुताः ॥
गर्हयंतिगृहस्थानोनोचेत्किंगमनेनमे ॥८२॥
आप मेरे साथ कुछ सभासद करदें प्रतीत के लिये, गृहस्थी अतिनिन्दित है घर जाने से क्या ॥ ८२ ॥
सदस्याऊचुः॥ आकारयस्वपितरंअस्मद्वचनगौरवात् ॥ प्रतीतिंदर्शयामोद्यदंडनाथस्यसन्निधौ८३
मेरे वचन से दंडनाथ के निकट आकार तुम्हारे पिता को प्रतीत होगी ॥ ८३ ॥
महादेवउवाच ॥ मंडपोथगृहद्वारंगत्वाशिवशिवेतिच ॥ महादेवमहादेवेत्यत्क्वातूष्णींव्यवस्थितः ८४
महादेवजी बोले, मंडप इस प्रकार गृहद्वार पर जाकर शिव २ महादेव २ कहकर चुप खड़ा रह गया ॥ ८४ ॥
कूष्मांडःप्राहदयितांकोतिथिर्द्वारिवर्त्तते ॥
पश्यपश्याशुसुभगेशिववाक्शंकरप्रियः ॥८५॥
कूष्मांड प्रिय पत्नी से बोले, हे सुभगे ! दरवाजे पर शिवभक्त कौन अतिथि है देखो ॥ ८५ ॥
साभर्तुर्वचनाद्गत्वादृष्टामंडपमात्मजम् ॥
उवाचवचनंभीताभर्त्तुःपुत्रार्थमातुरा ॥८६॥
पति के वचन सुनकर जल्दी द्वारपर गई तो मंडप प्रिय पुत्र को देखकर डरती हुई पुत्रार्थ आतुर बोली । ८६ ॥
अकृत्वैवचनिर्वेशंकथमागमनंवद ॥ मंडपउवाच ॥

आहूयंतिसदास्यास्त्वांपितरंचममानघ ॥८७॥

आप किस प्रयोजन के लिये आये, आपका रूप कृत्तिम देख पड़ता है यह वचन सुन मंडप बोला मेरे पिता को और आपको सभासदगण बुलाते हैं ॥ ८७ ॥

निर्वेशवार्त्तांवहुलांतएवब्रूयुरग्रतः ॥
जननीमंडपस्याथगत्वाकूष्मांडमब्रवीत् ॥८८॥

आपसे हमारे गृह आने की बार्त्ता कहैंगे, यह वचन सुनकर मंडप की माता कूष्मांडसे बोली ॥ ८८ ॥

पुत्रस्तेकृतानिर्वेशःशिवस्मरणतत्परः ॥
द्वारितिष्ठतिसद्वेषोनातिथिःकश्चनेतरः ॥८९॥

हे महाराज ! आपका पुत्र शिवस्मर्ण में तत्पर द्वारपर स्थित है कोई अतिथि नहीं है ॥ ८९ ॥

कृतनिर्वेशमनयंश्रुत्वापुत्रंतुसद्विजः ॥
उत्थायागत्यसहसाददर्शशिवरूपिणम् ॥९०॥

शिवभजन में तत्पर पुत्रको आया हुआ सुनकर शीघ्र उठकर देखने आये ॥ ९० ॥

रुद्राक्षमालिनंशांतंविभूतिकृतभूषणम् ॥
उवाचकिंसमायातःशीघ्रंपुत्रंतथाघवान् ॥९१॥

रुद्राक्ष, भस्म धारण किये शांतरूप पुत्र मंडप को आया देखकर बोले ॥ ९१ ॥

नहिस्वल्पेनपुण्येनप्रायश्चित्तंमहद्भवेत् ॥ मंडपउवाच ॥ मयावहूनिपापानिकृतानिविविधानिच ९२

थोड़े पुण्य करके महत्पाप का प्रायश्चित्त नहीं होता (मंडप यह शब्द सुन बोला,) मैंने बहुत पाप किये ॥९२॥

नज्ञायंतेत्वयापित्राकिमन्यैर्दूरसंस्थितैः ॥
बलात्वामाह्वयंत्येवसदस्याःशुद्धिदर्शिनः ॥९३॥

हे पिता ! वो पाप दूर से नहीं जानवे योग्य हैं मेरी शुद्धि के देखने वाले सभासदलोग बुलाते हैं आप चलें ९३

यद्वाचतेकुरुतथात्वंमत्स्नेहेनमाव्रज ॥
इतिश्रुत्वामंडपस्यवचःपत्न्यासमन्वितः ॥९४॥

अथवा जैसी आपकी रुचि हो वैसा कीजिये यह वचन सुनकर पत्नी से युक्त ॥ ९४ ॥

मुक्तिमंडपिकांप्रापसदस्यैःसंस्थितांशुभाम् ॥
तैराहूतोद्विजवरैर्धर्माधर्मार्थदर्शकैः ॥९५॥

धर्म अधर्म के देखनेवाले द्विजवरों से बुलाये गये कूष्मांड मुक्तमंडप स्थान को गये ॥ ९५ ॥

उपाविष्टंतमूचुस्तेपुत्रस्तेशुद्धिमागतः ॥ कूष्मांडउवाच ॥ प्रायश्चित्तेनकेनासौशुद्धिंप्राप्तोममात्मजः९६

कूष्मांड को देखकर सभासद बोले तुम्हारा पुत्र शुद्ध हो गया है कूष्मांड बोले किस प्रायश्चित्त करके मेरा पुत्र निष्पाप हुआ ॥ ९६ ॥

प्रतीतिर्ममवाक्यास्याद्यदनेनतुभुज्यते ॥ सदस्याऊ

चुः॥ मुक्तिमंडपिकायास्तुस्वामीविष्णुर्नचापरः ६७

मेरे वचन को प्रतीत हो तो मैं इसके साथ भोजन कर सकता हूँ सभासद बोले, मुक्तिमंडपं स्थान के स्वामी विष्णु हैं ९७

सचेद्वदतिवेदात्मातदाशंकानचोत्तरम् ॥
तत्पार्षदाभानुमुख्याबदिष्यंतिचसत्तम ॥९८॥

यदि वे कहैं तो निश्चय है और उन्हीके पार्षद भानु मुख्या है वह भी कहेंगा ॥ ९८ ॥

तदामन्यस्वसुप्रीतःशास्त्रदेवप्रसादतः ॥
इत्युक्त्वाचसदस्यास्तेतुष्टुवुर्विष्णुमव्ययम् ॥९९॥
रविंढुंढिंदंडपाणिंभैरवंचैवपंचमम् ॥
पंचापितत्रसुप्रीताःमुक्तिमंडपमध्यतः ॥१००॥

तब आप मानना इस प्रकार कहकर अव्यय विष्णु, रवि, ढुंढिराज, दंडपाणि, भैरवँ की स्तुति करने लगे उपर्युक्त देव पांचो प्रसन्न होते भये ॥ ९९ ॥ १०० ॥

प्रादुर्भूतामहात्मानोलोकप्रत्ययकारकाः॥ विष्णुरुवाच ॥ अयंशुद्धोमहापापोमंडपःसाधुसंगतः ॥१॥

संसार के उपकार करनेवाले, पंचदेव प्रकट होकर, विष्णु जी बोले, साधुसंगत यह मंडप शुद्ध है ॥ १०१ ॥

काश्याःप्रदक्षिणंकृत्वाह्यर्चयित्वाजगद्गुरुम् ॥
माहात्म्यश्रवणंजातक्षेत्रस्याशुभनाशनम् ॥२॥
तस्मादयंगच्छतुस्वंगृहंपत्निसमान्वितः ॥

काशीपुरी की प्रदक्षिणा किया और पंचक्रोशात्मक जग

हुरू शिव का पूजन किया, वाराणसीपुरी का माहात्म्य श्रवण किया है इस कारण यह शुद्ध है हे कूष्मांड! इसके साथ घर को जावो ॥ २ ॥

ढुंढिराजोवाच ॥

काशीतिनामजपतांशिवनामतुल्यं विघ्नादिपापानिच योविलयंप्रयाति ॥ किंतत्कथाश्रवणकीर्त्तनवास दानैः सम्यक्प्रदक्षिणवतामशुभस्यनाशः ॥ ३ ॥

ढुंढिराज बोले, काशी नाम जो शिवतुल्य है उसके जपने वाले के सम्पूर्ण विघ्न नाश होते हैं फिर मैं क्या कहूँ कि जो मनुष्य श्रवण, कीर्तन, वास, दान, काशीक्षेत्र की प्रदक्षिणा करता है उसके परिपूर्ण अशुभ अवश्य नाश होते हैं॥३॥

दंडपाणिरुवाच ॥ काश्यांपापंयेप्रकुर्वंति पापास्तेषांदुःखंजायतेवश्यमेव ॥ शंभो लिंगसच्चिदाकाशरूपंपंचक्रोशंतत्परिक्रम्यशुद्धः ४

दंडपाणिजी बोले, जो पुरुष काशी में पाप करते हैं उनको अवश्य दुःख होता है परन्तु पंचक्रोशात्मक शिवलिंग की प्रदक्षिणा करने से शुद्ध होजाता है ॥ ४ ॥

भैरवउवाच ॥ कार्यममैतत्खलुपापिनांस दाकरोमिदंडंवहुधावश्यमेव ॥ प्रदक्षिणीकृत्यसमा गतास्त्वयंकाशीविशुद्धोनविचारमस्तितत् ॥५॥

श्रीभैरवजी बोले, मेरा सदैव यही कार्य है कि पापियों

को दंड देना और अपने बस में करना परन्तु जो काशी-पुरी की प्रदक्षिणा किये हैं उनको मेरा दंड नहीं होता और वो शुद्ध हैं ॥ ५ ॥

रविरुवाच ॥ सत्संगतःक्षेत्रसुदक्षिणीकृतं
काशीकथाश्रवणकीर्त्तनादयम् ॥ शुभप्रदंपा
पहरंसुवासदंकृतंचशुद्धोमंडपःसत्यमेव ॥६॥

रविजी बोले, जो सत्संग करिके वाराणसी की प्रदक्षिणा और कथा श्रवण कीर्त्तन करते हैं वो अवश्य शुद्ध हो जाते हैं इससे यह मंडप शुद्ध है ॥ ६ ॥

महादेवउवाच ॥ सभासदैर्देववरैरुक्तोकूष्मांड
मंडपौ ॥ प्रदक्षिणीकृत्यतुतान्नमस्कृत्यपुनःपुनः ॥७॥

श्रीशिवजी बोले, हे जैगीसव्य ! देववरों ने इस प्रकार के वचन कहे तब कूष्मांड और मंडप दोनों पंचदेव की प्रदक्षिणा और नमस्कार बार २ करने लगे ॥ ७ ॥

निःपापौहर्षसंपूर्णौययतुस्तौस्वमालयम् ॥
प्रदक्षिणफलंब्रह्मन्पंचक्रोशात्मकस्यहि ॥८॥

कूष्मांड व मंडप प्रसन्नमन निष्पाप अपने घर को जाते भये हे मुने ! पंचक्रोश का यह माहात्म्य है ॥ ८ ॥

लिंगस्ययन्मयाप्रोक्तंसुगोप्यंपुरुषार्थदम् ॥
श्रुहामत्वत्स्यमतुलंपचक्रोशात्मकस्यच ॥९॥

मुझ करके पंचक्रोशात्मक शिवलिंग का माहात्म्य जो

कहा गया उसे जो करेंगे व सुनेंगे वे अवश्य शुद्ध हो जायगें ९

लिंगस्यदक्षिणाकार्यात्वयाशिष्येणचानघ ॥
इतिश्रुत्वाप्रसन्नात्माजैगीषव्योमहामुनिः॥१०॥

हे मुने ! अब तुम शिष्यों को साथ लेकर वाराणसी की प्रदक्षिणा करो, यह वचन महादेव के सुन प्रसन्नमन जैगीसव्य ऋषि ॥ १० ॥

देवंप्रदक्षिणीकृत्यनमस्कृत्यपुनःपुनः ॥
जगामपंचक्रोशस्ययात्रार्थंशिष्यसंयुतः॥११॥

देव महादेव की प्रदाक्षिणा करके शिष्यों के साथ पंचक्रोश यात्रा के लिये जाते भये ॥ ११ ॥

पंचाभिर्दिवसैःकृत्वायात्रामत्रागतोमुनिः ॥
उपविष्टोविधिःसम्यक्यात्रायाःपापनाशनः॥१२॥

पांच दिन में पंचक्रोश यात्रा करके मुनिजी लौट कर आते भये ॥ १२ ॥

मयापुण्यकृद्देवापिनिर्विघ्नफलदायकः ॥
मुनिरागत्यविश्वेशंभवान्यासहितंतदा ॥१३॥

मुझ करके हे देव ! पंचक्रोश यात्रा की गई यह कहकर विश्वनाथ पार्वती सहित को पूजन किया ॥ १३ ॥

पूजयामासविधिवदुपचारैःसुविस्तरैः ॥
शिष्योगुरुप्रसादेननिःपापोपुण्यवान्सुधीः॥१४॥
जातःस्कंदप्रसादेनशुत्वामाहात्म्यमुत्तमम् ॥

शिष्यों के साथ गुरुप्रसाद से निष्पाप जैगीसव्य ऋषि अनेक विधि से शिव का पूजन करते भये स्वामिकार्त्तिक के प्रसाद से और उत्तम माहात्म्य श्रवण करके यह सौभाग्य प्राप्त भया ॥ १४ ॥

महादेवउवाच ॥ एतत्तेकथितंदेवकाश्यांयत्पातकंकृतम् ॥ तस्यप्रणाशनंशुद्धंप्रायश्चित्तंसुदुर्लभम् ॥१५॥

महादेवजी बोले, हे मुने! जे पुरुष काशी में पाप करते हैं उस पाप के नाश के लिये यत्न अतिदुर्लभ है सो मैंने तुमसे कहा है ॥ १५ ॥

श्रुत्वाध्यायमिमंपुण्यंसर्वपापप्रणाशनम् ॥
नरःशुद्धिमवाप्नोतिकाशीवासंचगर्भहृत् ॥११६॥

इस पुण्य अध्याय की कथा को जो सुनैंगे व सुनावैंगे उनके सम्पूर्ण पाप नाश होकर शुद्ध हो जायँगे काशीवास गर्भ के हरणे वाला है ॥ ११६ ॥

इतिश्रीब्रह्मवैवर्त्तेतृतीयविभागे
पंचक्रोशीमाहात्म्येतृतीयोध्यायः ।

इतिश्री उन्नाव प्रदेशान्तर्गत वरौंड़ाग्राम निवासि पंडित आनन्दमाधव दीक्षितात्मज पं० महाराजदीन दीक्षितेन भाषाव्याख्या कृते ब्रह्मवैवर्त्ते तृतीयभागे काशी पंचक्रोशी माहात्म्ये तृतीयोध्यायः ॥३॥

ऋषयऊचुः ॥सूतसूतमहाबुद्धेवदविद्याविशारद ॥
यथाप्रदक्षिणाकार्यामनुजैर्विधिपूर्वकम् ॥१॥

ऋषि लोग बोले हे सूत! हे महाबुद्धे !! हे विद्याविशारद !!! जिस प्रकार मनुष्यों करिके पंचक्रोश की प्रदक्षिणा कीजाय ॥१॥

स्थानंवासस्यवदनोभक्ष्यचाभक्ष्यमेवच ॥
पूजांसीास्मिनास्थितानांचदेवानांदानमेवच ॥
यथासंपूर्णतामेतियात्राक्षेत्रस्यसत्तम ॥२॥

अस्थान वास भक्ष्य अभक्ष्य और देवतों की पूजनविधि परिपूर्ण विधि पूर्वक मेरे पर कृपा करके कहो ॥२॥

सूतउवाच ॥एवमेवपुराप्टष्ठोभगवान्शिवयाशिवः॥
तत्ब्रमीमिमुनिश्रेष्ठाःशृणुएवंतुविधिवन्मम ॥३॥

सूतजी बोले आप जिस प्रकार का प्रश्न किया है, उसी प्रकार पार्वती ने महादेव से पूँछा था वही हे मुनिश्रेष्ठ! मैं वर्णन करता हूं सुनों ॥३॥

श्रीदेव्युवाच ॥भगवन्देवदेवशप्रदाक्षिणाविधिं
वद॥पंचक्रोशस्ययेनासौनिष्पापःपुण्यवान्भवेत् ४

श्री पार्वतीजी बोलीं हे भगवन् ! हे देवदेव !! बाराणसी प्रदक्षिणा की विधि कहो काशी की प्रदक्षिणा करके मनुष्य निष्पाप हो पुण्यवान होतेहैं ॥४॥

श्रीमहादेव उवाच ॥आश्विनादिषुमासे

षुत्रिषुपार्वातिसत्तमे ॥५॥

श्री महादेवजी बोले, हे पार्वती ! आश्विन को आदि लेकर तीन मास में ॥५॥

प्रदक्षिणाप्रकर्तव्याक्षेत्रस्यापापकांक्षिभिः ॥

माघादिचतुरोमासाःप्रोक्तायात्राविधौनृणाम्॥६॥

निष्पाप होने के लिये क्षेत्र की प्रदक्षिणा करे और माघ को आदि लेकर चार मास में मनुष्यों की यात्रा विधि कहते हैं ॥६॥

पूर्वस्मिन्दिवसेढुंढिंपूजयित्वाहविष्यभुक् ॥

प्रातरुत्तरवाहिन्यांस्नात्वाविश्वेशमर्चयेत् ॥७॥

प्रथम दिन में (यात्रा के पहिले दिन) ढुंढिराज का पूजन करके और प्रातः काल उत्तर वाहनी गंगा में स्नानकर के विश्वेश्वर विश्वनाथ का पूजन करै ॥७॥

पुनर्यात्रार्थमपिचाशिवयोःपुजनंभवेत् ॥

मुक्तिमंडपिकायांचसंविश्यवरवर्णिनि ॥८॥

हे वरवर्णिनि ! यात्रार्थ विश्वनाथ का फिर पूजन करके मुक्ति मंडपिका को जाय ॥८॥

प्रतिज्ञांमहतींकृत्वापूजनंतत्रतत्रह ॥

काश्यंप्रजातवाक्कायमनोजनितमुक्तये ॥९॥

वहां पर पूजन करके काशी में मन, बुद्धि, वांणी,शरीर से जो उत्पन्न पाप हैं उनके मुक्ति के लिये संकल्प करै ॥९॥

ज्ञाताज्ञातविमुक्त्यर्थंपातकेभ्योहितायच ॥

पंचक्रोशात्मकंलिंगंज्योतिरूपंसनातनम् ॥१०॥

संकल्प में यह कहे कि, ज्ञान से अज्ञान से किये हुये पातकों के नाश के लिये मैं यात्रा करता हूँ और पंचक्रोशात्मक शिवलिंग ज्योतिरूप ॥१०॥

भवानीशंकराभ्यांचलक्ष्मीश्रीशविराजितम् ॥

ढुंढिराजादिगणपैःषट्पंचाशद्भिरावृतम् ॥११॥

पार्वती महादेव से युक्त, लक्ष्मी विष्णु से युक्त, ढुंढिराज आदि ५०६ गणनाथों से युक्त ॥११॥

द्वादशादित्यसहितंनृसिंहैःकेशवैर्युतम् ॥

कृष्णरामत्रययुतंकूर्ममत्स्यादिभिस्तथा ॥१२॥

बारहों सूर्य से युक्त, नृसिंह, केशव, कृष्ण, राम, कूर्म, मत्स्य आदि लेकर ॥१२॥

अवतारैरनेकैश्चयुतंविष्णोःशिवस्यच ॥

गौर्यादिशक्तिभिर्जुष्टंक्षेत्रंकुर्यात्प्रदक्षिणम् ॥१३॥

अनेक अवतारों से युक्त गौरी आदि शक्तियों से युक्त, सुक्षेत्र की प्रदक्षिणा करे ॥१३॥

बध्वांजलिःप्रार्थयीतमहादेवंमहेश्वरीम् ॥

पंचक्रोशस्ययात्रांवैकरिष्येविधिपूर्वकम् ॥१४॥

हाथ जोडे हुये महादेव महेश्वरीकी प्रार्थना करे और विधि पूर्वक पंचक्रोश यात्रा करे ॥१४॥

प्रीत्यर्थंतवदेवेशसर्वाघौघप्रशांतये ॥
इतिसंकल्प्यमौनेनप्रणिपत्यपुनःपुनः ॥१५॥

चलते समय यह प्रार्थना फिर करै कि हे देवेश ! सम्पूर्ण पापों के शांति के लिये और आप के प्रसन्नतार्थ मौन धारण करिकै नमस्कार करै ॥१५॥

ढुंढिराजगणेशानमहाविघ्नौघनाशन ॥
पंचक्रोशस्ययात्रार्थंदेह्याज्ञांकृपयाविभो ॥१६॥

फिर ढुंढिराज गणेश की प्रार्थना करै हे ढुंढिराज ! सम्पूर्ण विघ्नों के शांति के लिये आप के नमस्कार हैं पंचक्रोश यात्रा के लिये कृपाकर आज्ञा दीजिये ॥१६॥

विश्वेशंत्रिःपरिक्रम्यदंडवत्प्रणिपत्यच ॥
मोदंप्रमोदंसुमुखंदुमुखंगणनायकम् ॥१७॥
प्रणम्यपूजयित्वादौदंडपाणिंततोर्चयेत् ॥
कालराजंचपुरतोविश्वेशस्यजगद्गुरोः ॥१८॥
पूजयित्वाततोगच्छेन्माणिकर्णींविधानतः ॥
तत्रस्नात्वामहादेवंमणिकर्णीशमर्चयेत् ॥१९॥

विश्वनाथजी की तीन बार प्रदक्षिणा नमस्कार करके और मोद प्रमोद सुमुख दुर्मुख गणनायक को प्रणाम व पूजन करके दंडपाणि की पूजा करै विश्वेश जगद्गुरु के सामने कालराज का पूजन करके मणिकर्णिका का स्नान विधिवत करै और मणिकर्णिकेश का पूजन करै ॥१७।१८।१९

विनायकंसिद्धिसंज्ञंपुनरागत्यपूजयेत् ॥
मणिकर्णीतटेच्छन्नंगंगाकेशवमच्युत ॥२०॥

फिर सिद्धाविनायक में आकर सिद्धविनायक की पूजा करे मणिकर्णिकान्तरमें ढकेहुये गंगाकेशवका पूजन करे२०

ललिताचयतःपूज्यजरासंधेश्वरंविभुम् ॥
सोमनाथंततःपूज्यदाल्भ्येश्वरमेवच ॥२१॥

ललिता देवी, जरासन्धेश्वर, सोमनाथ,दालभ्येश्वर इनको क्रमानुसार पूजन करके ॥२१॥

शूलटंकेश्वरंलिंगंबराहंपूज्यचव्रजेत् ॥
दशाश्वमेधलिंगंचवंदींतत्रैवपूजयेत् ॥२२॥

शूलटंकेश्वर, लिंगवाराह, दशाश्वमेध लिंग को पूजन करके वंदी देवी का पूजन करै ॥२२॥

सर्वेश्वरंचकेदारंततोहनुमदीश्वरम् ॥
संगमेशंततःपूज्य लोलार्कंपूजयेत्ततः ॥२३॥

सर्वेश्वर, केदारेश्वर, हनुमदेश्वर, संगमेश को पूजनकरके लोलार्क का पूजन करै ॥२३॥

अर्कसंज्ञंगणाध्यक्षंअसेस्तीरेपुनर्व्रजेत् ॥
क्षेत्रप्रदक्षिणांकुर्वन्तिलमात्रंनसंत्यजेत् ॥२४॥

अर्क है संज्ञा जिनकी ऐसे गणाध्यक्ष का पूजन करके अस्सी नदी के तीर को जाय फिर वहां से प्रदक्षिणा करते तिल मात्र भी पृथ्वी को न छोड़े ॥२४॥

दुर्गाकुंडेनरःस्नात्वायजेद्दुर्गविनायकम् ॥
दुर्गासंपूज्यविधिवत्वसेत्तत्रसुखाप्तये ॥२५॥

फिर वहां से दुर्गाकुंडमें स्नान करके दुर्ग विनायक का पूजन करें और दुर्गाजी का पूजन करके रात्रि में वहीं पर वास करें ॥२५॥

ब्राह्मणान्भोजयेत्तत्रमधुपायसलड्डुकैः ॥
रात्रौजागरणंतत्रपुराणश्रवणादिकम् ॥२६॥

रात्रि में ब्राह्मणों को मिठाई, जावर लड्डू भोजन दे और रात्रि में जागरण पुराण आदिक श्रवण करें ॥२६॥

कुर्याच्चकीर्त्तनंभक्त्यापरोपकरणादिच ॥
जयदुर्गेमहादुर्गेजयकाशीनिवासिनि ॥२७॥

भक्ति से जयदुर्गे, महादुर्गे, जयकाशीनिवासिनी यह शब्द करें ॥२७॥

क्षेत्रविघ्नहरेदेविपुनर्दर्शनमस्तुते ॥
इतिदुर्गांप्रार्थयित्वाविष्वकसेनेऽवरंततः ॥२८॥

हे क्षेत्रविघ्नहरे ! हे देवि ! फिर दर्शन देना इस प्रकार दुर्गा देवी की प्रार्थना करके विष्वकसेनेश्वर की पूजन करें ॥२८॥

पुजयित्वाकर्दमेशंपंचव्रीहितिलैर्नमेत ॥
आदौकर्दमतीर्थेषुस्नानंकूपावलोकनम् ॥२९॥

फिर कर्दमेश को यव तिल चढ़ाकर नमस्कार करै पश्चात् कर्दम तीर्थ में स्नान करै ॥२९॥

सोमनाथंविरूपाक्षंनीलकंठततोर्चयेत् ॥
तत्रवासंविधायाग्नौकिंचिद्धोमंद्विजार्चनम् ॥३०॥

सोमनाथ, विरूपाक्ष नीलकण्ठ को पूजन करके रात्रि में वहीं पर वास करै और हवन व ब्राह्मण पूजन करै ॥३०॥

श्राद्धादिविधिकृत्यानिकृत्वामुच्येत्ऋणत्रयात् ॥
कर्दमेशमहादेवकाशीवासजनप्रिय ॥३१॥

वहीं पर श्राद्ध आदिक करने से तीनों ऋण से मनुष्य छूटता है हे कर्दमेश ! हे काशिवासजनप्रिय !! ॥३१॥

त्वत्पूजनान्महादेवपुनर्दर्शनमस्तुते ॥
प्रातःस्नात्वापूजयित्वासमर्च्यचद्विजानपि ॥३२॥

हे महादेव ! आपके पूजन से मुझे फिर भी दर्शन हों यह प्रार्थना करके और प्रातः स्नान कर ब्राह्मणों को पूजन करे ॥३२॥

नागनाथंचचामुंडांमोक्षेशंकरुणेश्वरम् ॥
वीरभद्रंततोदुर्गांविकटास्यांप्रपूजयेत् ।३३॥

नागनाथ, चामुण्डा, मोक्षेश, करुणेश्वर, वीरभद्र, दुर्गादेवी विकट है मुख जिनका ऐसी देवी को पूजन करै ॥३३॥

उन्मत्तभैरवंनीलंकालकूटंततोर्चयेत् ॥
दुर्गांचविमलांनत्वामहादेवंततोव्रजेत् ॥३४॥

उन्मत्तभैरव कालकूट को पूजन कर निर्मल दुर्गा का नमस्कार करके महादेव को जाय ॥३४॥

नंदिकेशंभृंगिरीटिंतत्रैवचगणप्रियम् ॥
विरूपाक्षंचयक्षेशंविमलेश्वरमेवच ॥३५॥

नंदिकेश भृंगिरीटि गणप्रिय विरूपाक्ष; यक्षेश बिमलेश्वर ३५

मोक्षदंज्ञानदंचैवऽमृतेशंतत्रपूजयेत् ॥
गंधर्वसागरंतीर्त्वाभीमचंडींततोव्रजेत् ॥३६॥

मोक्षदेश्वर ज्ञानदेश्वर अमृतेश्वर का पूजन कर गंधर्वसागर को उतर के भीमचण्डी को जाय ॥३६॥

तत्रस्नात्वाभीमचण्डीपयसास्नापयेत्सुधीः ॥
पंचोपचारैःसंपूज्यब्राह्मणान्परितोषयेत् ॥३७॥

वहां पर स्नान करके जावर से भीमचण्डी का पूजन करै पंचोपचार से ब्राह्मणों को प्रसन्न कर रात्रि को वहीं पर वास करके ॥३७॥

तत्रवासंप्रयत्नेनकुर्याच्चचण्डविनायकम् ॥
रविरक्ताक्षगंधर्वंनरकार्णवतारकम् ॥३८॥

वहीं पर चण्डविनायक और रविरक्ताक्ष गंधर्व की पूजा करै ॥३८॥

शिवंप्रपूज्ययत्नेनरात्रौपूर्ववदाचरेत् ॥
प्रातरुत्थायसुस्नातःप्रार्थयेद्भीमचंडिकाम् ॥३९॥

रात्रि में पहिले की भांति आचरण करे और प्रातःकाल

स्नान करके भीमचण्डी देवी की प्रार्थना करे ॥३९॥

भीमचंडीप्रचंडानिममविघ्नानिनाशय ॥
नमस्तस्तुगमिष्यामिपुनर्दर्शनमस्तुते ॥४०॥

हे भीमचण्डी ! मेरे विघ्न नाश के लिये आप के नमस्कार हैं फिर दर्शन देना ॥४०॥

ततोगच्छेदेकपादंगणंनत्वाथतंडुलान् ॥
तिलांश्चविकिरेत्तत्रधनधान्यादिसंपदाम् ॥४१॥

वहां से चलकर एकपाद गण के नमस्कार कर और तिल, चावल, धन धान्य वहां पर दान करे ॥४१॥

ततोगच्छन्महाभीमंभैरवींभैरवींशुभाम् ॥
भूतनाथंचसोमेशंप्रपूज्यासिंधुरोधसि ॥४२॥

फिर वहां से चलकर भैरव, भूतनाथ, सिन्धुरोधा में सोमेश्वर का पूजन करके ॥४२॥

कालनाथंकपर्दीशंकामेशंचगणेश्वरम् ॥
वीरभद्रंचारुमुखंगणनाथंप्रपूजयेत् ॥४३॥

कालनाथ, कपर्दीश कामेश्वर, गणेश्वर, वीरभद्र, चारुमुख गणनाथ की पूजा करे ॥४२॥

ततोगच्छेद्देहलीशंविघ्नपूगनिवारणम् ॥
मोदकैःपृथुकैर्लाजैःसक्तुभिश्चैक्षुपर्वभिः ॥४४॥
पूजयेच्छ्रद्धयादेवंतंदेहलिविनायकम् ॥
तत्पार्श्वेषोडशपुनर्विघ्ननाथान्समर्चयेत् ॥४५॥

इसके वाद अनेक विघ्नों के निवारण करने वाले देहलीश को जाय ॥४४॥

लड्डू, लाई, सतुआ और ऊंखरस से श्रद्धा पूर्वक देहलि विनायककी पूजा करके पासही में सोलह १६ विघ्ननाथोंकी अवश्य पूजा करै ॥४५॥

उद्दंडगणपंपूज्यउत्कलेश्वरमेवच ॥
रुद्राण्यास्तुततोभूमिंद्दष्ट्वारामेश्वरंव्रजेत् ॥४६॥

उदण्डगणप, उत्कालेश्वर को पूजन करके और रुद्राणी पृथ्वी को देखकर रामेश्वर को जाय ॥४६॥

वरुणायांततःस्नात्वातर्पणादिविधानतः ॥
रामेश्वरंश्वेततिलैर्विल्वपत्रादिभिर्यजेत् ॥४७॥

वरुणा नदी में स्नान करके सफेदतिल बेलपत्र आदि सामग्री से रामेश्वर का पूजन करै ॥४७॥

सोमनाथंतुतत्रैवपूजयेदिंद्रदिग्गतम् ॥
भरतेशंलक्ष्मणेशंशत्रुघ्नेश्वरमेवच ॥४८॥

पूर्वदिशा में सोमनाथ, और भरतेश्वर , लक्ष्मणेश्वर शुत्रघ्नेश्वर ॥४८॥

द्यावाभूमीश्वरंतत्रपूजयन्नहुषेश्वरम् ॥
तत्रवासंप्रकल्प्याथपूर्ववज्जागरणादिकम् ॥४९॥

द्यावा पृथ्वीश्वर, नहुषेश्वर आदिलिंग को पूजन करके रात्रि में वहीं पर जागरण आदि करके बास करै ॥४९॥

कृत्वास्नात्वाथरामेशंपूजयेत्काशिवासदम् ॥
श्रीरामेश्वररामेणपूजितस्त्वंसनातन ॥५०॥

श्री रामेश्वरजी की प्रार्थना करे कि हे महादेव ! श्रीराम करके आप पूजन किये गये आपके नमस्कार हैं ॥५०॥

आज्ञांदेहिमहादेवपुनर्दर्शनमस्तुते ॥
लिंगानिसुत्रह्न्यादौवरुणापारगान्यथ ॥५१॥

आप फिर दर्शन देना यह कह और वरुणा नदीके पार जो वहां शिव लिंग हैं उन्हे पूजा करै ॥५१॥

पूजयित्वाततोगच्छेद्देवसंघनिषेवितम् ॥
देवसंघेश्वरंकिंचिद्दत्वास्थित्वाततोव्रजेत् ॥५२॥

वहां से देवसंघ से सेवित देवसंघेश्वर को जाकर दान व पूजन करके चलै ॥५२॥

पाशपाणिंगणेशंचक्षेत्रमध्यव्यवस्थितम्
पूजयित्वावहिश्चैवपृथ्वीश्वरमथोव्रजेत् ॥५३॥

पाशपाणि क्षेत्र मध्य में स्थित गणेश का पूजन करके पृथ्वीश्वर को जाय ॥५३॥

एकोश्वमेधःपृथुना कृतःक्षेत्राद्वहिःपुरा ॥
स्वर्गभूमिस्तुसाज्ञेयामोक्षभूमिस्तुमध्यतः ॥५४॥

पहिले पृथुराजा करके उस जगह पर एक अश्वमेध यज्ञ की गई थी इसमे वह स्वर्ग भूमि कही जाती है क्षेत्र के मध्य में मोक्ष भूमि है ॥५४॥

काश्याश्चतुर्दिशंदेवियोजनंस्वर्गभूमिका ॥
मृतास्तत्रहिगच्छंतिस्वर्गसुकृतिनांपदम् ॥५५

हे देवि ! काशी में चारों दिशा में चार कोश स्वर्ग भूमि है जिस में मरने से स्वर्ग मिलता है ॥५५॥

ततस्तुयूपंहिसरःपृष्ट्वागच्छेच्छनैःशनैः ॥
महाक्षेत्रंकापिलंतुयत्रश्रीवृषभध्वजः ॥५६॥

यूपसर को स्पर्श करके धीरे २ जहां वृषभध्वज कापिलजी हैं वहां जाय ॥ ५६ ॥

तत्रस्नात्वाविधानेनतर्पयित्वापितॄनथ ॥
श्राद्धंविधायसुश्रद्धःपूजयेद्वृषभध्वजम् ॥५७॥

कपिलधारा में स्नान करे और विधिवत पितरों को श्राद्ध करके श्रीवृषभध्वज का पूजन करै ॥५७॥

निवसेत्तंतुदिवसंपुराणादिप्रकल्पयेत् ॥
प्रदक्षिणीकृत्यततोगच्छेज्ज्वालानृसिंहकम् ॥५८॥

वहीं पर वास करके दिन में पुराण आदि सुने व सुनावे फिर प्रदक्षिणा करके ज्वालानृसिंह को जाय ॥५८॥

एवंप्रदक्षिणीकृत्यसरःकापिलमुत्तमम् ॥
वरुणांचततस्तीर्त्वास्नात्वावैसंगमेशुभे ॥५९॥

कपिलधारा की प्रदक्षिणा करके वरुणा संगम को उतर कर स्नान करे ॥५९॥

आदिकेशवमभ्यर्च्यसंगमेश्वरमेवच ॥

विनायकंखर्वसंज्ञंपूजयित्वाततोव्रजेत् ॥६०॥

अदिकेशव, संगमेश्वर, खर्वविनायक की पूजा करके चले ६०

क्रोडीकृत्ययवान्शुद्धान्विकिरन्विष्णुमुच्चरन् ॥

प्रह्लादेश्वरमभ्यर्च्यंत्रिलोचनमतःपरम् ॥६१॥

हाथ में शुद्ध यवन का लेकर विष्णु २ कहते हुये प्रह्ला देश्वर और त्रिलोचन की पूजा करे ॥६१॥

विन्दुमाधवमभ्यर्च्यहृदेपांचनदेशुभे ॥

गभस्तीशंमंगलांचगौरीदृष्ट्वाततोव्रजेत् ॥६२॥

पंचनद में विन्दुमाधव का पूजन करके गभस्तीश और मंगलागौरी के दर्शन करके चले ॥६२॥

वसिष्ठवामदेवौचपर्वतेश्वरमेवच ॥

महेश्वरंसमभ्यर्च्यततःसिद्धिविनाकम् ॥६३॥

वसिष्ठ, वामदेव, पर्वतेश्वर, महेश्वर, सिद्धविनायक को पूजन करे ॥६३॥

सप्तावरणगान्दिव्यान्पूजयेद्गणनायकान् ॥

मणिकर्ण्यांततःस्नात्वागच्छेद्विश्वेश्वरंयमी॥६४॥

गणनायकों की पूजा करते हुये मणिकर्णिका में स्नान करके विश्वनाथ के मंदिर को जाय ॥६४॥

नमस्कृत्यमहेशानंप्रविशेद्देवसान्निधौ ॥

पंचोपचारैःसंपूज्यस्तुत्वानत्वापुनःपुनः ॥६५॥

विश्वनाथजी के नमस्कार करकें पंचोपचार से पूजन नम

स्कार और स्तुति करै ॥६५॥

मुक्तिमंडपमागत्यकृतार्घस्तत्रसंविशेत् ॥
विष्णुंचदंडपाणिंचढुंढिंभैरवमेवच ॥६६॥

मुक्ति मंडप में आकर विष्णु दंडपाणि, ढुंढिराज, भैरव ६६

आदित्यंपंचगणपान्पूजयेत्पुनरेवच ॥
प्रदक्षिणीकृतान्देवान्स्मरेत्तत्तक्रमात्सुधीः॥६७॥

आदित्य पंचगण का पूजन करै और प्रदक्षिणा किये हुये देवतों का फिर स्मर्ण करै ॥६७॥

जयविश्वेशविश्वात्मन्काशीनाथजगद्गुरो ॥
त्वत्प्रसादान्महादेवकृतःक्षेत्रप्रदक्षिणा ॥६८॥

हे विश्वेश ! हे विश्वात्मन् !! हे काशिनाथ !!! हे जगद्गुरो !!!! आपके प्रसाद से काशी क्षेत्र की प्रदक्षिणा किया ६८

अनेकजन्मपापानिकृतानिममशंकर ॥
गतानिपंचक्रोशात्मलिंगसम्यक्प्रदक्षिणात्॥६९॥

हे शंकर ! अनेक जन्मों के सञ्चित मेरे पाप पंचक्रोशात्मक लिंग की प्रदक्षिणा से गये ॥६९॥

त्वद्भक्तिःकाशिवासश्चरहितापापकर्मणा ॥
सत्संगश्रवणाद्यैश्चकालोगच्छतुनःसदा ॥७०॥

काशीवासी जो पापी हैं वे आप की भक्ति से रहित हैं सज्जनों का काल सत्सङ्गति व पुराण आदिके सुनने में जाता है ॥७०॥

हरशंभोमहादेवसर्वज्ञसुखदायक ॥
प्रायश्चित्तंसूनिर्वृत्तंपापानांत्वत्प्रसादतः ॥७१॥

हे हर ! हे शंभो !! हे सर्वज्ञ !!! आपके प्रसाद से पापों से मैं निवृत्त हुआ ॥७१॥

पुनःपापमतिर्मास्तुधर्मबुद्धिःसदास्तुमे ॥
इतिनत्वायथाशक्त्यादत्वादानंद्विजन्मनाम् ॥७२॥

हे महादेव ! अब मेरी पाप में बुद्धि न होय यह कह नमस्कार करे और यथा शक्ति ब्राह्मणों को दान देय ॥७२॥

बध्वाकरयुगंयात्रीमंत्रमेतमुदीरयेत् ॥
पंचक्रोशस्ययात्रेयंयथावद्यामयाकृता ॥७३॥
न्यूनंसंपूर्णतांयातुत्वत्प्रसादादुमापते ॥
इतिप्रार्थ्यमहादेवंगच्छेद्गेहंस्वकंस्वकम् ॥७४॥

यात्री हांथ बाँधकर इस मंत्र को पढे पंचक्रोश यात्रा में जो कुछ न्यून व अधिक किया होय हे उमापते ! वह सब सम्पूर्णता को प्राप्त होय यह प्रार्थना करके अपने २ घर को जाँय ॥ ७३ ॥ ७४ ॥

न्यूनातिरिक्तदोषाणांपरिहारायदक्षिणाम् ॥
संकल्प्यागत्यचगृहंब्राह्मणान्भोजयेत्ततः ॥७५॥

न्यूनातिरिक्त सम्पूर्णता के लिये घर आकर ब्राह्मणों को भोजन और दक्षिणा देय ॥ ७५ ॥

ततआगत्यचगृहेकुटुम्बैःसहभोजनम् ॥

कृत्वात्मानंततोध्यात्वाकृतकृत्योभवेतत्तः ॥७६॥

घरमें कुटुम्बियों के साथ भोजन करे और आत्मा को ध्यान कर कृत कृत्य होता है ॥ ७६ ॥

एकरात्रंतुमध्येयःप्रवसेच्छुचिमानसः ॥
वरुणायास्तटेरम्येसयातिपरमांगतिम् ॥७७॥

जो पुरुष बरुणा नदी के तटपर एक रात्रि भी बास करता है वह परमगति को प्राप्त होता है ॥ ७७ ॥

द्विरात्रंवसतिमध्येयःकुर्याद्धर्मतत्परः ॥
प्रथमंचांडिकाक्षेत्रेद्वितीयंवरुणातटे ॥७८॥

जो यात्री चण्डिका देवी के स्थान में एक रात्रि बास कर के दूसरी रात्रि बरुणातट में बास करता है वह भी परमगति को प्राप्त होता है । ७८ ॥

दिवसंतुवसेद्धीमान्ततोविश्वेश्वरंव्रजेत् ॥
यस्तुत्रिरात्रमुषितोमध्येभवातिपार्वति ॥७९॥
दुर्गास्थलभीमचण्ड्यांरामेशेवासमृच्छति ॥
वसतिंयस्तुकुरुतेमध्येदिनचतुष्टयम् ॥८०॥

दिनमेंविश्वनाथ और एक रात्रि दुर्गाजी दूसरी रात्रि भीम चंडी तीसरी रात्रि रामेश्वर में वास करता है वह भी मोक्ष पद भागी होता है ॥७९८०॥

प्रथमांवसतिंकुर्यात्कर्दमेश्वरसन्निधौ ॥
द्वितीयांभीमचंड्यांतुरामेशंतुतृतीयकम् ॥८१॥

चतुर्थीकापिलेक्षेत्रेवसतिंप्रतिकल्पयेत् ॥
राजवृद्धकुमाराणांयथेष्टंवासमिष्यते ॥८२॥

अथवा प्रथम दिन कर्दमेश दूसरे दिन भीमचण्डी तीसरे दिन रामेश्वर चौथे दिन कपिलक्षेत्र में वास करता है वह अवश्य मोक्ष होता है इन स्थानों में राजा वृद्ध बालक स्त्री सबको वास करना चाहिये ॥८१॥८२॥

यथाकथंचिद्देवेशिपंचक्रोशप्रदक्षिणम् ॥
कुर्यादेवनमासादिचिंतयेद्धर्मकोविदः ॥८३॥

हे देवेशि ! मैंने तुमसे पंचक्रोश यात्रा विधि कही है वही धर्म के जानने वाले इसी प्रकार करैं ॥८३॥

सएवशुभदःकालोयत्रश्रद्धोदयोभवेत् ॥
श्रद्धाहिदुर्लभालोकेकलौखलुविशेषतः ॥८४॥

अब यात्रा काल कहते हैं, जिस समय श्रद्धा उत्पन्न होय वही काल यात्रा का है कलियुग में श्रद्धा अति दुर्लभ है ॥८४॥

श्रद्धैवतीर्थंदेवाश्चश्रद्धास्वर्गापवर्गकौ ॥
श्रद्धयायत्कृतंसर्वमनंतफलदंभवेत् ॥८५॥

श्रद्धाही से तीर्थ देवताओं का पूजन जो करते हैं उनको अवश्य स्वर्ग अपवर्ग मिलता है कलियुग में जो श्रद्धायुक्त कर्म करता है उसको अनन्त फल मिलता है ॥८५॥

सत्येश्रद्धागुणवतीनासत्येसाफलप्रदा ॥

काश्यावसतियोनित्यंनित्यंस्नातिचजाह्नवीं॥८६॥
कुर्यात्सांवत्सरींयात्रांपंचक्रोशस्यसुन्दरी ॥
सब्रह्मभूतोनिवसन्ममानुग्रहतःसुखी ॥८७॥

सत्यमें श्रद्धा फलवान होताहै असत्यमें नहीं, काशीमें जो नित्य गंगास्नान करते हैं और सालभरमें हे सुन्दरि! पंच क्रोशकी यात्रा करते हैं वो पुरुष ब्रह्ममयहैं मेरे अनुग्रह से सुखीहोकर काशी में वास करते हैं ॥ ८६ ॥ ८७ ॥

इतिश्रीब्रह्मवैवर्तेपंचक्रोशीमाहात्म्येचतुर्थोध्यायः।४

इतिश्री उन्नावप्रदेशान्तर्गत बरौंदा ग्राम निवासी
पं०आनन्दमाधव दीक्षितात्मज पं०महाराजदीन
दीक्षिते भाषा व्याख्याकृते ब्रह्मवैवर्त्ते
काशी पंचक्रोशी यात्राविधिवर्णनं
नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥४॥

देव्युवाच॥ क्षेत्रप्रदक्षिणेदेवनियमाःकेभवंतितान्॥
वदस्वतारिताशेषविश्वनाथकृपालय ॥१॥

श्रीपार्वतीजी बोलीं, हे विश्वनाथ! हे कृपालय!! काशी क्षेत्रकी प्रदक्षिणामें कौन नियमहैं वह विस्तार पूर्वक वर्णन करिये ॥ १ ॥

महादेवउवाच॥प्रतिग्रहंपरान्नंचपरदाराभिभाषणम्॥
परस्वग्रहणंस्नेहादसद्वार्त्तांचवर्जयेत् ॥२॥

श्रीमहादेवजी बोले, दानलेना, परान्न ग्रहण करना दूसरे

की स्त्री से बोलना दूसरे का धन ग्रहण करना स्नेह से असत् बार्त्ता करना मना है ॥२॥

असतांपापिनांसंगंनकुर्यात्प्रयतोनरः ॥
असत्संगमात्सर्वंनिष्फलंजायतेनृणाम् ॥३॥

यत्न से मनुष्य पापी व असत जनका संग न करै असत संग से कर्म किया निष्फल होजाताहै ॥३॥

ममद्रोहपरैःसाकंनव्रजेद्विष्णुनिंदकैः ॥
परापवादंनोकुर्यात्परद्रोहंचवर्जयेत् ॥४॥

हे देवि ! मेरे वैरी व विष्णुनिन्दकों के साथ कदापि यात्रा न करै और दूसरेकी निन्दा न करै ॥४॥

गुरुनिंदांशास्त्रनिंदांशिवधर्म्ममहात्मनाम् ॥
तीर्थलिंगतयोर्निंदांनकुर्यात्तुप्रदक्षिणी ॥५॥

यात्रीलोग गुरू, शास्त्र, महात्मा, तीर्थ, शिवलिंग आदि की निन्दा न करैं ॥५॥

अन्यदातुकृतंपापंनश्येत्क्षेत्रप्रदक्षिणात् ॥
पापंप्रदक्षिणामध्येकृतंकेनप्रनश्यते ॥६॥

दूसरी जगह के किये पाप काशीक्षेत्रकी प्रदक्षिणा करनेसे छूटजातेहैं और जो लोग क्षेत्रकी प्रदक्षिणामें पाप करतेहैं वह नहीं छूटते हैं ॥६॥

ब्राह्मणैःक्षत्रियैःवैश्यैःशुद्रैश्चैवांत्यजातिभिः ॥
कांक्षिभिःपरमंतत्वंकर्त्तव्यंक्षेत्रदक्षिणम् ॥७॥

साधन करते हैं अविमुक्त से परे योग; ज्ञान, दान, जप, तप है ॥ ५५ ॥ ५६ ॥

क्षेत्रतीर्थादिनियमानसंतिशुभदार्शिनाम् ॥
अविमुक्तंसमासाद्यनत्यजेन्मोक्षकामुकः ॥५७॥
क्षेत्रन्यासदृढंकृत्वावसेद्धर्मपरःसदा ॥

शुभदर्शियों को क्षेत्रतीर्थों के नियम नहींहैं मोक्ष की इच्छा करनेवाला मनुष्य अविमुक्त को प्राप्त होकर कभीभी न छोड़े ॥५७॥

क्षेत्रन्यासपराणांत्वमहमप्यनुकूलजैः ॥५८॥
भोगैःसहायतांयातौदिशावःपरमांगतिम् ॥
यथापतिव्रतानारीभर्तारमनुगच्छति ॥५९॥

धर्म तत्पर मनुष्य क्षेत्रन्यास को दृढ करके क्षेत्र में बसै क्षेत्रन्यास तत्पर मनुष्य को हम और तुम अनुकूल अनेक भोगों करके सहायता के लिये जाते हैं जैसे पतिव्रता नारी पति के पास जातीहै ॥५८॥५९॥

तथासाहसमालंब्यकाशीमनुगतोभवेत् ॥
गुरुद्रोहपरोयस्तुविप्रद्रोहपरस्तथा ॥६०॥
नतस्यकाशीसिध्येतबहुभिःसाधनैर्युता ॥
क्षेत्रसंन्यासिनामेवंक्रमःप्रोक्तोमयानघे ॥६१॥

इसीसे साहस को अवलम्बन करके काशीवास करै गुरु द्रोह और विप्रद्रोह में रत पुरुष को काशीवास अनेक साधना

ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य, शूद्र, चांडाल सब करके काशीक्षेत्र की प्रदक्षिणा करने योग्यहै ॥७॥

किंचिद्दानंप्रत्यहंब्राह्मणेभ्योदेयंदीनानाथपं
ग्वंधकेषु ॥ भूमौशय्यातैलमांसादिदुष्टंसर्वं
वर्ज्यंतीर्थयात्रादिनेषु ॥८॥

यात्री प्रदक्षिणा करते नित्य ब्राह्मणको और अंधरे, लूले, कोढीको दानदेय, और पृथ्वीमें सोना, तैल मांस आदिक दुष्ट पदार्थ न भोजन करै ॥८॥

स्नानद्वयंप्रकुर्वीतनित्यश्राद्धंचसुन्दरि ॥
यदत्रकिंचित्क्रियतेकोटिकोटिगुणं भवेत् ॥९॥

हे सुन्दरी ! नित्य दोनों वक्त स्नान करै और श्राद्धकर्म करते रहै क्षेत्र की प्रदक्षिणा के समय जो कर्म करता है वह कोटि गुण को प्राप्त होता है ॥ ९ ॥

ब्रह्मचारीगृहस्थोवावाणप्रस्थोथमस्करी ॥
क्षेत्रेवसन्वहिर्वापिकुर्यादेवप्रदक्षिणम् ॥१०॥

ब्रह्मचारी, गृहस्थ, बाणप्रस्थ क्षेत्रमें वास करते क्षेत्र की प्रदक्षिणा करै ॥ १० ॥

ब्रह्महत्यादिपापानांप्रायश्चित्तंनचापरम् ॥
वहिःकृतानांपापानांमध्येवापिसुरेश्वरि ॥११॥

हे सुरेश्वरि ! ब्रह्महत्यादि और बाहरके किये सबपापों का एक यही प्रायश्चित्त है ॥ ११ ॥

प्रायश्चित्तांतरंपुंसोनदृष्टंनमयाश्रुतम् ॥
वसंतिदेवाबहवःस्वर्गभूमौवहिःसदा ॥१२॥

बहुत से देवता स्वर्गभूमि के बाहर बसतेहैं पर प्रायश्चित्त किये पुरुष न मैंने देखा न सुना ॥ १२ ॥

मदाज्ञांपालयंत्येववासार्थंदैन्यमागताः ॥
वहिस्थिताःप्रकुर्वंतिदक्षिणांक्षेत्रलब्धये ॥१३॥

काशीवास के लिये जो मेरी आज्ञा का पालन करते हैं वो दैन्यता को प्राप्त होते हैं बाहर स्थित जन क्षेत्र लाभ के लिये प्रदक्षिणा करते हैं ॥ १३ ॥

ममानुग्रहमासाद्यप्रविशंतिहिकाशिकाम् ॥
मदनुग्रहकामैश्चपंचक्रोशात्मकंप्रिये ॥१४॥
लिंगंप्रदक्षिणीकृत्यद्रष्टव्योहंकृपानिधिः ॥
अस्मिन्क्षेत्रेमहादेविपुण्यंपुण्यतरंतुवा ॥१५॥
अनंतकोटिगुणितंभवत्येवनसंशयः ॥
अंतर्गृहेकृतंपापंकेवलंयातनावहम् ॥१६॥

जो पुरुष मेरी अनुग्रह को पाकर काशीमें प्रवेश करते हैं और मेरी अनुग्रहकी कामना करके हेप्रिये! पंचक्रोशात्मक मेरे लिंग की प्रदक्षिणा करके मुझे देखते हैं इस क्षेत्र में जो कोई पुण्य व पाप करते हैं वे कोटिगुण अधिक हो जाते हैं अतः गृहमें किये पाप की यातना होती है ॥१४॥१५॥१६।

अन्यक्षेत्रेकृतंपापंपुण्यक्षेत्रेविनश्यति॥

पुण्यक्षेत्रेकृतंपापंगंगातीरेविनश्यति ॥१७॥

दूसरे क्षेत्र में किये पाप पुण्यक्षेत्र में छुटते हैं पुण्यक्षेत्र में किये पाप गंगाजी के स्नान से नाश होजाते हैं॥ १७ ॥

गंगातीरेकृतंपापंवाराणस्यांविनश्यति ॥

वाराणस्यांकृतंपापंमंतर्गृहेविनश्यति ॥१८॥

गंगातीर में किये पाप वाराणसी में भस्म होते हैं और वाराणसी में किये पाप अंतःगृह में छुटते हैं ॥ १८ ॥

अंतर्गृहेकृतंपापंवज्रलेपोभविष्यति ॥

वज्रलेपच्छिदेंह्येतत्पंचक्रोशप्रदक्षिणम्॥१६॥

अन्तर्गृह में किये पाप वज्रलेप होते हैं उस वज्रलेप पापा के छुटाने के लिये पंचक्रोश की प्रदक्षिणाहै ॥ १६ ॥

तस्मात्सर्वप्रयत्नेनकुर्यात्क्षेत्रप्रदक्षिणम् ॥

वाराणसींतुसंप्राप्यप्रमादाद्योवहिर्गतः ॥२०॥

सर्वयत्न से पंचक्रोशी यात्रा करें वाराणसी के बाहर जो प्रमाद से चला जाता है॥ २० ॥

दैवात्सपुनरागत्यदक्षिणेनप्रशुद्ध्यति ॥

अविमुक्तंमहाक्षेत्रंसर्वदाजननीयथा ॥२१॥

दैववस फिर आकर अविमुक्त महाक्षेत्रकी प्रदक्षिणा करने से वे शुद्ध होजाते हैं ॥ २१ ॥

पुत्रस्यजननीलोकेसर्वथाहितकारिणी ॥

हितकृत्सर्वजंतूनांकाशीहामुत्रसर्वदा ॥२२॥

जिस प्रकार माता पुत्र की सदा हितकारिणी होती है उसी प्रकार सब मनुष्यों के लिये काशी है ॥ २२ ॥

देव्युवाच ॥ भगवन्सर्वभूतेशकृपापूरितविग्रह ॥
कृतार्थानांवदविभोक्षेत्रसंन्यासिनामपि ॥२३॥

श्रीपार्वतीजी बोली, हे भगवन् ! काशी में कृतार्थ जो सन्यासी हैं उनकी प्रदक्षिणा विधि कहो ॥ २३ ॥

प्रदक्षिणक्रमंक्षेत्राद्बहिर्वामध्यतो पिवा ॥
नियमस्यनभंगःस्याद्यथापापंचनश्यति ॥२४॥

क्षेत्र के बाहर से व मध्य से जिसमें नियम न भंग होय और पाप नाश होजाँय वह विधि कहिये ॥ २४ ॥

देहिनांपापसंबंधःसर्वथाजायतेक्रमात् ॥
तत्काशिवासजंनश्येत्क्षेत्रसन्यासिनांयथा ॥२५॥

देहधारियों को सर्वदा पाप क्रमसे लगजाते हैं जिसमें काशीवासि संन्यासियों को भी, इससे आप कृपा करके कहैं २५

श्रीभगवानुवाच ॥ सम्यक्पृष्टंत्वयादेविम
हाहंकारनाशनम् ॥ प्रायश्चित्तंन्यासिनांहि
क्षेत्राघौघविनाशनम् ॥२६॥

श्रीमहादेवजी बोले, हे देवि तुमने बहुत अच्छा प्रश्न किया महा अहंकार के नाश करनेवाला प्रायश्चित्त कहता हूँ जिससे क्षेत्र में किये पाप नाश होजाँय ॥ २६ ॥

विधिस्तुपूर्वमेवोक्तोनियमादियुतस्तव ॥

प्रदक्षिणक्रमंतथामवधारायसुव्रते ॥२७॥

पहिले तो मैं विधि वर्णन करचुकाहूं अब नियम और प्रदक्षिणा क्रम वर्णन करताहूं हे सुव्रते ! सुनो ॥२७॥

स्नात्वादेवंसमभ्यर्च्यविश्वेशंविश्वयासह ॥

मोदादिपंचकंढुंढिंदण्डपाणिंचभैरवम् ॥२८॥

श्रीगंगाजी में स्नान करके पार्वती सहित विश्वनाथजी की पूजा करै और प्रसन्न मन ढुंढिराज दंडपाणि भैरवनाथ की पूजा करै ॥ २८ ॥

पूर्ववत्तीरगानूपूज्यदुर्गांपूज्यचयत्नतः ॥

वहिरावरणंत्यक्त्वांगणेशानांचसप्तमम् ॥२९॥

प्रथमकी भांति श्रीदुर्गादेवी की पूजा करके बाहर के आवरण त्यागकर सप्त गणेशको पूजे ॥२९॥

मध्येप्रदक्षिणंकुर्यादसीवरुणयोःकृती ॥

सन्मुखीभूयाविधिवत्पूज्यायेवामतास्थिताः ॥३०॥

अस्सी और वरुणा के मध्यमें प्रदक्षिणा करै और बाम स्थानमें पूजाकरके स्थितहोय ॥३०॥

देवादेव्यश्चफलदाःक्षेत्रपालाःप्रयत्नतः ॥

एकरात्रंद्विरात्रंवावसेन्मध्येत्रिरात्रकम् ॥३१॥

देवता, देवी, क्षेत्रपाल यत्नसे इनके स्थानो में १।२।३ दिन बसै ॥३१॥

यत्रश्रद्धासुमहतीवसेत्तत्रनसंशयः ॥

प्रत्यहंदंडपाणेस्तुपूजाकार्याप्रयत्नतः ॥३२॥

जिसस्थानमें श्रद्धाहोय वहांपर अवश्य वासकरके नित्य दंडपाणिकी पूजा करै ॥३२॥

दंडपाणेःपूजनेनसिद्धाभवतिनान्यथा ॥

दंडपाणेयक्षपतेक्षेत्रसंन्यासिवल्लभ ॥३३॥

पंचक्रोशस्ययात्रेयंसिद्धामेत्वत्प्रसादतः ॥

अनेनश्लोकमंत्रेणप्रार्थनापूजनंस्मृतम् ॥३४॥

श्रीदंडपाणिके पूजन करने से सर्वकाम शीघ्र सिद्ध होते हैं "इस प्रकार नमस्कार करे" हे दंडपाणे! हे यक्षपते!! हे क्षेत्रसंन्यासिवल्लभ!!! आपके प्रसाद से यह पंचक्रोशयात्रा सिद्ध हुई यह श्लोक पढ़कर प्रार्थना करैं ॥३३॥३४॥

प्रत्यहंकुर्वतांयात्रासंपूर्णाभवतिध्रुवम् ॥

आगत्यविश्वनाथस्यपूजाकार्यातुपूर्ववत् ॥३५॥

प्रतिदिन यात्रा करते हुये निश्चय यात्रा संपूर्ण होतीहै और यात्रा से आकर विश्वनाथ का पूजन पहले की भांति करै ३५

देव्युवाच ॥प्रत्यहंदंडपाणेस्तुपूजाप्रोक्ताविशेषतः॥

किमेतद्वददेवेशयात्रामुद्दिश्यशंकर ॥३६॥

श्रीपार्वती बोलीं, हे शंकर! आपने नित्य दंडपाणि की पूजा कही पर नित्ययात्रा म दंडपाणि का पूजन किस लिये है ३६

महादेवउवाच ॥ काशींप्राप्यवहिर्नैव

गच्छेत्सर्वात्मनाक्वचित् ॥ मन्मुखात्स

न्यगाश्रुत्यक्षेत्रसन्यासकृत्तमः ॥३७॥

श्रीमहादेवजी बोले मेरा कही हुई यत्न को श्रवण करके संन्यास करनेवाला मनुष्य काशीमें प्राप्त होकर बाहर न जाय ३७

दंडपाणिःसभवत्तदारभ्यवरानने ॥
पुनःकालांतरेदेविऋषिभिर्नारदादिभिः ॥३८॥
पृष्टोहंक्षेत्रजनितपापनाशनमुत्तमम् ॥
सदासुदुर्लभंदेविप्रायश्चित्तंतदामहत् ॥३९॥
उपदिष्टंमहालिंगंप्रदक्षिणमशेषतः ॥
तच्छ्रुत्वापृष्टवान्दंडपाणिःक्षेत्रपरायणः ॥४०॥

हे वरानने ! प्रथम (बहुतकाल के पहिले) ऋषि नारद आदि करके क्षेत्रजनित पाप नाशके लिये मैं पूँछा गया तब मैंने हे देवि ! सदासुदुर्लभ प्रायश्चित्त और महालिंग की प्रदक्षिणा कहा यह सुनकर दंडपाणि पूँछते भये ३८॥३९॥४०

तदामयोपदिष्टोसौमहापाशुपतव्रती ॥
क्षेत्रयात्राद्वितीयेयंमयोक्तादंडपाणये ॥४१॥

हे पार्वती ! दंडपाणि के लिये भी मैं यही प्रायश्चित्त और क्षेत्रप्रदक्षिणा कहा ॥ ४१ ॥

अतोदंडपतेःपूजाकर्त्तव्यापूर्त्तिकारिणी ॥
पंचक्रोशात्मकस्यैवलिंगस्यपरमात्मनः ॥
प्रदक्षिणामिदंकृत्वाजीवन्मुक्तोभवेन्नरः ॥४२॥

इससे दंडपाणिकी पूजा क्षेत्रयात्रा की पूर्ति करनेवाली

है पंचक्रोशात्मक शिवलिंग की प्रदक्षिणा करके मनुष्य जीवन्मुक्त हो जाता है ॥ ४१ ॥

देव्युवाच ॥ ज्ञात्वापिश्रद्धयादेवनकुर्वंतिप्रदक्षिणम् ॥ तत्केनहेतुनामर्त्याउपेक्षंतेमहाफलम् ॥ महादेवउवाच ॥ श्रद्धापुण्यवतांदेवीनपांडित्यादिभिश्चसा ४४

श्रीपार्वती बोली, क्षेत्रप्रदक्षिणा का माहात्म्य जानकर भी हे देव! प्रदक्षिणा नहीं करते उनको किस यत्न से महाफल मिलेगा, यह सुन महादेव बोले, हे देवि! पंडितों को भी श्रद्धा होना कठिन है ॥ ४३ ॥ ४४ ॥

तस्माद्धर्मेप्रयततांसिध्येत्सर्वंनचान्यतः ॥ यत्रयत्रपरिरज्यतेजनस्तत्रतत्रसुखमेधतेपुनः ४५

इससे धर्म में यत्न करें तो सर्व काम सिद्ध होय जहां २ धर्मरूपी तेज प्राप्त होताहै वहीं २ सुख बढ़ता जाताहै॥४५॥

साधनानिविदधातितत्परोयेनतत्फलमवाप्नुयान्नरः॥ लौकिकेपरमवैदिकेथवापामरःपरमतत्वविस्तथा ४६

क्या पामर क्या तत्ववित जो पुरुष लौकिक अथवा वैदिक साधनाओंको धारण करताहै उसको उसी प्रकार फल प्राप्तहोताहै ४६

मादकःपरममोदकोयथादीयतेकपटभार्ययायथा ॥ मोहितोनचविचारयत्ययंजीवनंमरणमप्यहोवशी ४७

मादक अतिप्रसन्न होकर जैसे कपट भार्या (वेश्या)को मोहित हो जीवन मरण का न विचार करके जो कुछ देताहै॥४७॥

एवमेकंकालकूटंइन्द्रियंसर्वनाशकृत् ॥
तदेवशोधितंयद्वद्विषमप्यमृतंभवेत् ॥ ४८ ॥

उसी प्रकार कालकूट विष इन्द्रियोंको शोधित व अशोधित अमृत व विष होता है ॥ ४८ ॥

जगत्तृणीकृत्यसकालमृत्युंआत्मानमायोज्य
शिवेनयोगैः ॥ अविघ्नमेवंस्वमलंविसृज्य
शरीरसंज्ञंमलखंडभांडम् ॥ ४९ ॥

संसार को तृणवत् करके शिवयोगसे आत्मा को परमब्रह्म में युक्तकर मलखंड भांड शरीरको त्याग करके मुक्त होय ४९

मुक्तोभवेदेषनचान्यथैवमर्त्यःप्रसादान्मम
चैवमुक्तः ॥ कःकर्त्तुमेवंप्रभवत्यविघ्नकलौ
मनुष्योबहुदोषयुक्तः ॥ ५० ॥

यह गति सब मनुष्यों को नहींहै जिसपर मेरी प्रसन्नता है वही मुक्तहै इस यत्नको करनेवाला कौनहै कलियुगमें तो बहुदोषयुक्त मनुष्य देख पड़ते हैं ॥ ५० ॥

अथोपिमद्भक्तियुतोविमुक्तस्त्वद्भक्तियुक्तः
सकलैश्चभावैः ॥ पूर्वोदितादप्यतिदुःख
कोयंविमोहनार्थैरखिलैश्चशास्त्रैः ॥ ५१ ॥

जो पुरुष मेरी और हे देवि ! तुह्मारी भक्ति में सम्पूर्ण भावसे लगे हैं वही पुरुष मुक्त हैं प्रथम कही यत्नसे विमोहनार्थ सम्पूर्ण शास्त्रों करके दुःख कहां है कहीं नहीं ॥५१॥

वीभत्सितेदुर्विषयोकदाचिद्यावानुरागो भवितानरस्य ॥ सचेद्भविष्येत्परमात्मनीशे कोनामयुक्तोनभवेद्भवाब्धेः ॥ ५२ ॥

जो पुरुष सदैव दुर्विषय वासना से डरते हैं और मेरे में अनुराग है जिनका वह पुरुष अवश्य परमात्मा में लय होताहैं उनके लिये संसाररूपी समुद्र क्या है कुछ नहीं ॥५२॥

अविमुक्तंममक्षेत्रंअविमुक्तेश्वरंशिवम् ॥
अविमुक्तजनंशांतंसेवंतेयेधृतव्रताः ॥५३॥

अविमुक्त नामक मेरा क्षेत्र जिसमें अविमुक्तेश्वर शिव विराजमानहैं जो पुरुष व्रतको धारण कियेहैं वे सेवा करतेहैं५३

विमुक्ताःपरमानन्देपदेस्थितिमुपागताः ॥
अनेकजन्मसुमहत्साधनैर्ज्ञानमुत्तमम् ॥५४॥

परमानन्दको प्राप्त होने की इच्छा करनेवाले अनेक जन्मों की साधना से ॥५४॥

प्राप्नुवंतितदेकेनजन्मनासाधुवासिनः ॥
अष्टांगादिभिरन्यैश्चतपोयज्ञादिभिःसदा ॥५५॥
साधितेपाक्षिकीसिद्धिरविमुक्तेनिरर्मला ॥
अविमुक्तात्परोयोगीज्ञानंदानंजपस्तपः ॥५६॥

उत्तमज्ञान प्राप्त होता है और एकही जन्म में साधुजन अष्टांगयोग तप यज्ञ करिके अविमुक्तेश्वर में पाक्षिकी सिद्धि

करने परभी नहीं सिद्ध होता क्षेत्रसंन्यासियों का क्रम मैंने हे अनघे ! तुमसे कहा ॥६०॥६१॥

प्रदक्षिणायास्तुमहान्महापापहरःपरः ॥६२॥

काशी क्षेत्रकी प्रदक्षिणा महापापों के हरने वालीहै इस पंचक्रोशी काशीमाहात्म्य को जो सुनेंगे व सुनावेंगे उनको श्रीविश्वनाथ स्वयं प्रसन्न होकर मनवांञ्छित फल देंगे ६२

इतिश्रीब्रह्मवैवर्तेमहापुराणेतृतीयविभागे
पंचक्रोशीमहिमावर्णनंनामपंचमोध्यायः॥५॥

इतिश्री उन्नावप्रदेशान्तर्गत बरौंदा ग्राम निवासी
पं०आनन्दमाधव दीक्षितात्मज पं०महाराजदीन
दीक्षित भाषा व्याख्या कृते ब्रह्मवैवर्त्ते
महापुराणे तृतीय विभागे काशी
पंचक्रोशी महिमा वर्णनं नाम
पंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

दो० सम्बत दो रस ग्रह शशी, माघ शुक्ल गुरु वार ॥
अष्टम तिथि पूरण कियो, पंचक्रोश विचार ॥ १ ॥

॥ इति पंचक्रोशीमाहात्म्य समाप्तम् ॥

मि० माघ शुक्ल अष्टमी गुरुवार
सम्वत् १९६२ वैक्रमी ।

सज्जनों का कृपाभिलाषी
पं० महाराजदीन दीक्षित
मु० बरौंदा—पो०पहरीकलां
जि० उन्नाव ।

अनघ